बिना टिकट के यात्रा के आरोप में गिरफ्तार किये गये व्यक्ति

5728. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने 1977 में बिना टिकट यात्रा के आरोप में कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया ;

(ख) उनसे कितनी धनराशि वसूल की गई तथा उनमें से कितने व्यक्तियों को सजा दी गई; और

(ग) बिना टिकट यात्रा करने के आरोप में भारत के विभिन्न राज्यों में कुल कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) वर्ष 1977 के दौरान (जनवरी, 1977 से दिसम्बर, 1977 तक) भारतीय रेलों पर 23,17,857 व्यक्ति बिना टिकट या गलत टिकटों पर यात्रा करते पकड़े गये।

(ख) रेलवे को देय 3,02,60,659 रुपये की रकम वसूल की गई। इसके अलावा 16,54,787 रुपये अदालती जुर्माने के रूप में वसूल किये गये। 3,50,297 व्यक्तियों पर अभियोग चलाया गया जिनमें से 2,51,461 व्यक्ति जेल भेजे गये।

(ग) राज्यवार ब्यौरा उपलब्ध नहीं है क्योंकि आंकड़े क्षेत्रीय रेलवे-वार रखे जाते हैं न कि राज्यवार।

दिल्ली-अहमदाबाद छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलना

5429. **श्री राम किशन :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली अहमदाबाद छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का निर्णय किया गया है और यदि हां, तो इस कार्य को कब आरम्भ किया जायेगा ; और क्या इस बड़ी लाइन को बरास्ता रींगस (जंक्शन) अथवा बरास्ता अलवर बनाया जायेगा; और

(ख) क्या इस लाइन को बड़ी रेल लाइन में न बदलने के कारण राजस्थान में औद्योगिक विकास की गति बहुत धीमी रही है।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) दिल्ली अहमदाबाद मीटर लाइन के आमान परिवर्तन की परियोजना एक अनुमोदित कार्य है लेकिन संसाधनों की अत्यन्त सीमित उपलब्धता के कारण इस परियोजना के लिए 1978–79 में नाममात्र के परिव्यय की व्यवस्था की गई है। इस स्थिति में इस परियोजना पर काम शुरू करने और उसे पूरा करने के लिए कोई समय—अनुसूची बतलाना सम्भव नहीं है। आमान-परिवर्तन का काम अलवर और जयपुर के रास्ते करने का प्रस्ताव है।

(ख) दिल्ली-अहमदाबाद मार्ग पर अतिरिक्त लाइन-क्षमता की कमी इस मार्ग पर कुछ उद्योगों की स्थापना में बाधक होती रही है। उच्च अग्रता के आधार पर लाइन क्षमता के विकास के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपाय करने का प्रस्ताव है। जिससे विकास के मार्ग में आने वाले अवरोध को दूर किया जा सके।

मुजफ्फरपुर से दरभंगा तक रेल लाइन

5430. **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुजफ्फरपुर से दरभंगा तक नई रेल लाइन बिछाने के बारे में एक कार्यक्रम सरकार के विचाराधीन है;